# झांसी के रक्षा औद्योगिक गलियारे के निर्माण का काम होगा तेज

**राब्यू, जागरण • लखनऊ:** झांसी में बन रहे जनरल विपिन रावत रक्षा औद्योगिक गलियारे का काम तेज करने के लिए शासन ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को 58 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। इस राशि से गलियारे के अंदर 30 मीटर चौड़ी सड़कें, जल निकासी, चहारदीवारी व दस गेटों का निर्माण कराया जाएगा। गलियारे के लिए भूमि अधिग्रहण के बाद चहारदीवारी का निर्माण अभी तक नहीं किया जा सका था।

उप्र को रक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर नगर, चित्रकूट व झांसी में रक्षा औद्योगिक गलियारे के छह नोड स्थापित किए जा रहे हैं। परियोजना के तहत यूपीडा ने लखनऊ में 396 एकड़, आगरा में 278 एकड़, झांसी में 2,686 एकड़, कानपुर नगर में 551 एकड़, अलीगढ़ में 399 एकड़ व चित्रकूट में 707 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। अभी तक सभी नोड में रक्षा इकाइयों की स्थापना व औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए के लिए यूपीडा ने 5,017 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है। इसमें से रक्षा औद्योगिक इकाइयों को करीब 70ः भूमि आवंटित की जाएगी।